**आज का मौसम**
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

40.2⁰ अधिकतम तापमान | 23.4 न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 32 | सूर्यास्त 06 : 40

## एक नजर

### पत्नी पर चाकू मारने का आरोप, रिपोर्ट

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र में रहने वाले युवक ने पत्नी पर दोस्तों के साथ मिलकर चाकू से हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रानी का बगीचा का निवासी विशाल कुमार ने बताया कि 25 अप्रैल को वह घर पर थे। तभी पत्नी मनीषा अपने दोस्त अंकित और राज के साथ आ गई। आरोप है उसने दोस्तों के साथ मिलकर अपशब्द कहे। विरोध पर चाकू मार दिया इससे वह जख्मी हो गया। कोहना थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### रैंप से जाएंगे वाहन सवार

**कानपुर।** लखनऊ एलिवेटेड सड़क निर्माण कार्य को देखते हुए बड़े ट्रकों और माल वाहनों का रामादेवी फ्लाईओवर से फतेहपुर रोड पर डायवर्जन किया जा रहा है। जिस कारण रामादेवी से नौबस्ता के बीच फ्लाईऑवर पर यातायात दबाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जाम से बचने के लिए इटावा सचेण्डी, भौंती बाईपास की तरफ से आने वाले यात्री वाहन, कार, एम्बुलेंस इत्यादि नौबस्ता रैम्प से नीचे उतर कर यशोदानगर चौराहा, श्यामनगर चौराहा, रामादेवी सर्विस रोड़ होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

# पत्नी ने देवर के साथ मिलकर पति को धारदार हथियार से मार डाला

## अवैध संबंधों का विरोध करने पर उतारा मौत के घाट, शव मिलने के बाद दोनों फरार

कार्यालय संवाददाता, बिधनू/कानपुर

**अमृत विचार।** बिधनू थानाक्षेत्र के खेरसा गांव में अवैध संबंधों में बाधक बने पति की पत्नी ने देवर के साथ मिलकर धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्यारोपियों ने रस्सी और तार से हाथ-पैर बांधकर शव को तालाब में फेंक दिया। रविवार सुबह तालाब से शव मिलने के बाद पत्नी और देवर फरार हो गए। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव बाहर निकालकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस को मृतक के घर के दरवाजे पर ताला लगा मिला। दरवाजे के बाहर खून से सनी रुई के टुकड़े, बड़ा चाकू, सिंदूर की खाली डिब्बी और बरामदे की टांड़ में बिजली का तार मिला। घर से तालाब तक शव को घसीटने के निशान बने हुए थे। आशंका है कि घर में चाकू से हमला करके उसे मारा गया।

खेरसा गांव निवासी 42 वर्षीय दिनेश अवस्थी उर्फ बाबा पत्नी संतो उर्फ राखी और छोटे भाई मनोज अवस्थी के साथ गांव में एक ही मकान में रहता था। करीब दो वर्ष पहले दिनेश लखीमपुर से राखी उर्फ संतो नाम की युवती से प्रेम विवाह कर खेरसा ले आया था। इधर चार दिन से दिनेश घर में दिखाई नहीं दिया। रविवार सुबह घर से सटे तालाब में दिनेश का शव उतराता मिला। फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवा कर घटनास्थल की जांच शुरू की। दिनेश के हाथ जूट की रस्सी और पैर बिजली के तार से बंधे हुए थे। पेट और गले के पास धारदार हथियार या किसी नुकीली चीज से वार किए जाने के निशान थे। नाभी के पास पेट फट गया था।

पुलिस जांच में देवर मनोज और भाभी संतो के बीच अवैध संबंधों की बात सामने आई है। शव मिलने के बाद पत्नी राखी और भाई मनोज घर से फरार हो गए। इससे शक और पुख्ता हो गया।



दिनेश के दरवाजे पर जांच करती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार



एसीपी औरइंस्पेक्टर पहुंचे घटनास्थल पर। अमृत विचार

- रस्सी से हाथ-पैर बांधकर शव को तालाब में फेंक दिया
- बिधनू के सेरसा गांव में हुई सनसनीखेज वारदात

**सुबह छह बजे दोनों पहुंचे नौबस्ता**

हत्याकांड को अंजाम देने के बाद रविवार सुबह छह बजे मनोज और संतो नौबस्ता चौराहे पहुंच गए थे। एक ऑटो चालक ने पुलिस को बताया कि दोनों को बिधनू से लेकर नौबस्ता में छोड़ा था। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाल रही है।

> युवक की हत्या करने के बाद से पत्नी और भाई फरार हैं। दिनेश का सबसे छोटा भाई मयानंद लखीमपुर के कुडरीरूपसेना मूलगांव में रहता है। उससे संपर्क कर बुलाया गया है। उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आशंका है कि संबंधों में बाधक बने दिनेश को पत्नी ने देवर के साथ मिलकर मार डाला।
>
> –प्रेमचंद्र कनौजिया, बिधनू थाना प्रभारी

## नहर पटरी की सड़कें खुद बनाएगा सिंचाई विभाग

**कानपुर।** शहर में नहरों के आस-पास की सड़कों का निर्माण सिंचाई विभाग खुद करेगा। नगर निगम और पीडब्ल्यूडी इन सड़कों को बनाने के लिए न प्रस्ताव तैयार कर पाएंगे और न ही इसकी निर्माण कराने की एनओसी ले सकेंगे। सिंचाई विभाग ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी को एनओसी देने पर रोक लगा दी है। शहर में सिंचाई विभाग के अंतर्गत आने वाली नहरों के आस-पास की सड़कों को अभी नगर निगम और पीडब्ल्यूडी बनवाता है। अब कानपुर प्रखंड निचली गंगा नहर के अधिशाषी अभियंता ने नगर निगम को पत्र लिखकर कहा है कि सिंचाई विभाग की नहर पटरियों पर पक्की सड़क का निर्माण और उसकी देखरेख शासन ने विभाग को ही करने के निर्देश दिये हैं। सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव व निर्माण के लिये पीडब्ल्यूडी की गाइडलाइन का उपयोग किया जायेगा। भविष्य में सिंचाई विभाग की नहर पटरियों के सड़क निर्माण, नवीनीकरण को प्रस्तावित करने से पहले सिंचाई विभाग को बताना जरूरी होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना सकरापुर, भागीरथी-जान्हवी एवं सनिगवां तक बंबा कैनाल के आस-पास की सड़कों के निर्माण के लिये एनओसी मांगी गई थी। जिसपर सिंचाई विभाग ने कहा है कि यह सड़कें सिंचाई विभाग बनवाएगा।

# चकेरी में दो घरों से 28 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- श्यामनगर और सुभाष रोड पर दिया वारदात को अंजाम
- लोहा कारोबारी और एफसीआई कर्मी के घर को बनाया निशाना

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में चोरों ने शनिवार रात पुलिस गश्त की पोल खोलकर रख दी। थानाक्षेत्र के दो इलाकों के घरों को निशाना बनाते हुए करीब 28 लाख रुपये की नकदी और जेवरात पार कर दिये।

सुभाष रोड निवासी राजेश धवन लोहा कारोबारी हैं। उनका घर विधानसभा अध्यक्ष के आवास से कुछ ही दूरी पर स्थित है। शनिवार को वह पत्नी सपना और भांजे आयुष के साथ सो रहे थे। रात दो बजे एक चोर उनके घर का गेट फांदकर अंदर घुस आया और दूसरी मंजिल के दोनों कमरों का ताला तोड़कर अलमारी में रखी चार लाख की नकदी व 10 लाख के जेवरात बैग में भरकर ले जाने लगा। भांजा आहट पाकर उठ गया और

शोर मचाकर चोर को पकड़ने का प्रयास किया। चोर छत के रास्ते सड़क पर कूद कर भाग निकला। आरोपी भागते समय मकान के सामने बने अपार्टमेंट के कैमरे में कैद हो गया। राजेश का आरोप है, कि रात को ही पुलिस को सूचना दी। लेकिन पुलिस ने सुबह तहरीर लेकर आने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस रात को ही कोशिश करती तो चोर पकड़ा जा सकता था।

वहीं दूसरी घटना एफसीआई कर्मी के घर हुई। श्याम नगर निवासी एफसीआई कर्मी राजीवन निषाद के अनुसार वह परिवार के साथ 19 अप्रैल को संत कबीरनगर के देवरी में भतीजी की शादी में गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। शनिवार देर रात चोर पड़ोसी की छत से उनकी छत पर आए और वहां पर लगा लोहे का जाल काटा और अंदर घुसे। इसके बाद कमरों का ताला तोड़कर 1.40 लाख रुपये की नगदी, करीब 11 लाख कीमत के जेवरात और अन्य सामान पार कर ले गए। रविवार तड़के उनका बेटा घर पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस के साथ ही फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल कर निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि दोनों मामलों में तहरीर लेकर मामला दर्ज किया है।

# दादानगर पुल का 42% काम पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन दादानगर समानांतर पुल के फाउंडेशन, पिलर, पीयर कैप निर्माण के बाद लगभग 42 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पुल के सीटीआई से विजय नगर की ओर जाने पर पुल पर स्लैब ढलाई का कार्य पूरा हो गया है। सीटीआई की ओर पुल उतरने के लिए स्लैब निर्माण के लिए जाल तैयार कर दिया गया है।

दादा नगर क्रॉसिंग पर जाम से निजात दिलाने के लिए 23 सितंबर 2023 को 728.70 मीटर लंबे व 7.50 मीटर चौड़े दादानगर सामानांतर पुल का शिलान्यास किया गया था, जिसकी कुल लागत 53.77 करोड़ रुपये है। बीते पांच महीने में पुल के फाउंडेशन के काम के साथ 17 पिलर, पीयर कैप का निर्माण कराये जाने के साथ ही पुल पर स्लैब का कार्य शुरू किया गया था। सीटीआई से विजय नगर जाने की ओर रेलवे क्रासिंग से पहले कार्यदायी संस्था ने पांच पिलरों पर स्लैब ढलाई का कार्य पूरा कर लिया है। साथ ही विजय नगर से सीटीआई की ओर उतरने पर पुल के निचले स्थान पर स्लैब ढलाई का कार्य बीते चार दिनों में शुरू हो जाएगा। ढलाई के लिए सरियों का जाल तैयार कर लिया गया है। सीटीआई की ओर निर्माण कार्य पूरा होने के बाद विजय नगर की ओर से स्लैब ढलाई के कार्य की शुरूआत कर बिटुमिंस सरफेस व रिटेनिंग वॉल का कार्य कराया जाएगा।



समानांतर पुल का काम तेजी से चल रहा है।

> दादा नगर समानांतर पुल का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मंडलायुक्त को प्रति माह प्रगति रिपोर्ट सौंपी जा रही है। स्लैब निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, अब तक 42 प्रतिशत पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
>
> –विजय कुमार सेन, मुख्य परियोजना प्रबंधक, सेतु निगम

## नए संसाधनों से ही विकास संभव

**कानपुर।** समाज में आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए यह जरूरी है कि अधिक से अधिक नए संसाधन विकसित किए जाएं। इसके लिए सामाजिक रूप से जागरुकता फैलाना बहुत जरूरी है। नए विचार और नया प्रयोग युवाओं की ओर से किया जाना चाहिए।

यह विचार रविवार को कानपुर विद्या मंदिर महिला पीजी कॉलेज में हुई संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य 2047 तक स्वतंत्र भारत के सौ वर्ष पूरे होने पर सामाजिक-आर्थिक प्रगति व इसकी भूमिका पर चर्चा करना रहा।

इस दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर विधि संकाय वीएसएसडी कॉलेज प्रीति जायसवाल, प्रो. बलराज चौहान, ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. विवेक द्विवेदी ने विचार व्यक्त किए।

# इस सप्ताह और बढ़ेगी गर्मी, चलेगी लू भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम विभाग ने शुक्रवार तक शहर में लू चलने की चेतावनी दी है। कहा है कि इन दिनों में अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। दिन के तापमान के साथ ही न्यूनतम तापमान में भी बढोतरी हो सकती है। रविवार को अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

गर्मी और तपिश से शहरवासी सुबह से ही परेशान रहे। दोपहर में बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्म हवाओं की वजह से लोग कम ही निकले। बाजारों में भी आम दिनों के मुकाबले कम ग्राहक नजर आए। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि रविवार को शहर में अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री रहा। रविवार को 6.2 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज गर्म हवाओं की वजह से और परेशानी बढ़ी। बताया गया कि अगले पांच दिनों में तापमान और बढ़ेगा और लू चलने की आशंका है।



**05** दिन में दो डिग्री पारा बढ़ने की चेतावनी

गर्मी में गंगा में छई छपा छई का आनंद लेते युवा। अमृत विचार

# हाईवे पर वाहन की टक्कर से पति-पत्नी की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई।

**हादसा 01**

फतेहपुर गुगौली खजुहा निवासी 30 वर्षीय किसान अनुज कुमार रविवार दोपहर अपनी पत्नी रितांजली देवी के साथ बाइक से फतेहपुर से कानपुर आ रहे थे। अहिरवां फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस दोनों को कांशीराम अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने अनुज को मृत घोषित कर दिया। वहीं शाम को रितांजली की हैलट अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह घर से खजुहा जाने की बात कहकर निकले थे। पुलिस के अनुसार दोनों ने प्रेम विवाह किया था इस कारण दोनों घर से अलग रह रहे थे।



अनुज कुमार व रितांजली देवी।

**ट्रक की टक्कर से पिता की मौत, बेटा घायल**

**हादसा 02**

तेहरवीं में शामिल होने जा रहे बाइक सवार पिता पुत्र को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे पिता की मौत हो गई। वहीं बेटा घायल है। मूलरूप से उन्नाव के सफीपुर कुसैला के रहने वाले 65 वर्षीय कुलदीप शर्मा पुरोहित थे। परिवार के साथ चकेरी के सैनिक नगर में रहते थे। बेटे अश्विनी ने बताया कि पिता अपने साले की तेहरवीं में बड़े बेटे आशुतोष के साथ बाइक से पनकी जा रहे थे। नौबस्ता फ्लाईओवर पर ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे दोनों घिसटते चले गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां कुलदीप शर्मा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आशुतोष को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

**रोड पार करते वृद्ध को वाहन ने मारी टक्कर**

**हादसा 03**

नजीराबाद थानाक्षेत्र के अशोक नगर निवासी 62 वर्षीय संजय भास्कर को गुमटी गुरुद्वारा के सामने टेंपो से उतरकर रोड क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

## रेल यात्रियों को दिया ठंडा पानी

**कानपुर।** भीषण गर्मी में यात्री जन कल्याण समिति ने सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्मों पर यात्रियों को पानी के ठंडे पाउच बांटे। यात्री जन कल्याण समिति और उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, समिति के सचिव जितेंद्र पांडे ने सेंट्रल स्टेशन और स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों को ठंडा जल पिलाया। कई प्लेटफार्मों पर यात्रियों को पानी के पाउच बांटे गए।

## मंडलायुक्त की फर्जी आईडी बनाकर मांगे रुपये, रिपोर्ट

**कानपुर।** साइबर ठगों ने मंडलायुक्त अमित गुप्ता के नाम से फेसबुक और फेसबुक मैसेंजर पर फर्जी आईडी और प्रोफाइल तैयार कर उसके माध्यम से लोगों से धनराशि मांगी। इस मामले उनके सहायक ने कोहना थाने में आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस साइबर सेल की मदद से मामले की जांच कर रही है।

नौबस्ता के पशुपति नगर निवासी मंडलायुक्त के सहायक देवेंद्र द्विवेदी ने तहरीर में बताया कि मंडलायुक्त के वास्तविक फेसबुक आईडी की प्रोफाइल फोटो का उपयोग कर साइबर ठगों ने उनकी फर्जी आईडी व प्रोफाइल तैयार की और कई व्यक्तियों से धनराशि मांगी जा रही है। धनराशि मांगे जाने के कई मामले सामने आए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि देवेंद्र द्विवेदी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**तकनीक** स्लज डिवाटरिंग मशीन के डेमो के लिए डेनमार्क जाएंगे जलकल के अधिकारी

# कीचड़ से पानी निकालकर उपयोग में लाएंगे

**एक्सक्लूसिव**

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** नालों, नालियों और चैंबरों से निकलने वाले कीचड़ (सिल्ट) का निस्तारण जल्द ही हाइटेक तरीके से होगा। कीचड़ से पानी को निकालकर नगर निगम सिल्ट का उठान करेगा तो वहीं जलकल कीचड़ से निकलने वाले पानी का दोबारा उपयोग (पीने के अलावा) कर सकेगा। शासन के निर्देश पर नगर निगम इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए 'स्लज डिवाटरिंग मशीन' (वाहन) खरीदने जा रहा है। मशीन की कार्यप्रणाली को समझने व इसके डेमो के लिए जलकल महाप्रबंधक व नगर आयुक्त डेनमार्क जाएंगे। शासन ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर एक अधिकारी को विदेश भेजने के लिए नामित करने के निर्देश दिए हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण में कानपुर को टॉप फाइव में लाने के लिए जरूरी है कि शहर से निकलने वाले अपशिष्ट का उचित निपटान हो। इसको लेकर नगर निगम अपने स्तर पर तो कार्य करता है, अब स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 1.0 के तहत राज्य मिशन निदेशक डॉ. नितिन बंसल ने नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को पत्र लिखकर मोबाइल एफएसएसएम स्लज डिवाटरिंग मशीन को खरीदने के लिए एक अधिकारी को विदेश यात्रा (डेनमार्क) भेजने के लिए नामित करने को कहा है।

डॉ. नितिन बंसल ने कहा है कि मशीन को खरीदने से पहले जरूरी है कि इसकी कार्य प्रणाली को सही तरह से जाना जाए। इसके लिए हर नगर निगम से किसी जानकार अधिकारी को डेनमार्क भेजे जाने का प्रस्ताव है। अधिकारी मशीन का डेमो लेने के साथ ही वहां पर किस तरह कार्य हो रहा है इसका भी निरीक्षण करेंगे।



**इन समस्याओं से मिलेगी निजात**

- सिल्ट से निकलने वाला दूषित पानी नहीं बहेगा
- सिल्ट सूख जाएगी जिसे वाहन में ले जाने में आसानी होगी
- मल का निस्तारण मशीन मौके पर ही कर देगी। इसे प्लांट ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी
- सिल्ट से गिरने वाले पानी से मार्ग में भी गंदगी नहीं होगी
- नाला सफाई में निकलने वाली सिल्ट का निस्तारण सही तरीके से हो सकेगा
- कीचड़ से निकलने वाली पानी का उपयोग छिड़काव में किया जा सकेगा

**फीकल स्लज सेप्टिक मैनेजमेंट भी होगा शुरू**

अभी शहर में बस्तियों से निकलने वाले मल का प्रबंधन और अपशिष्ट प्रबंधन खाली पड़ी खंती में होता है। यदि मानव-मल का प्रबंधन और निपटान ठीक तरीके से नहीं किया जाता है तो यह हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। इसको देखते हुये मशीन के जरिये फीकल स्लज सेप्टिक मैनेजमेंट भी शुरू हो सकेगा। इसके तहत मल-अपशिष्ट का मौके पर ही निस्तारण कर दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार अभी विशेष वाहनों से यह मल ट्रीटमेंट प्लांट तक ले जाया जाता है।

# क्रिकेटरों को मिलेगा नया मैदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम का पालिका स्टेडियम अब जल्द ही शहर की पहचान बनेगा। इसके निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य की ड्राइंग और टेक्निकल स्पेसिफिकेशन पर रविवार को यूपी क्रिकेट वेटरन एसोसिएशन की टीम ने संतुष्टि जताई है। टीम ने कहा कि पालिका स्टेडियम के विकसित होने से आसपास के जनपदों के खिलाड़ियों को भी फायदा मिलेगा।

कानपुर नगर निगम ने पालिका स्टेडियम में आउटडोर खेलों के मैदान का विकास और आधुनिकीकरण करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय पालिका स्टेडियम में इंडोर खेलों के द स्पोर्टस हब के रूप में सफल संचालन के बाद नगर निगम ने लिया है जिसमें पालिका स्टेडियम के शेष हिस्से को आउटडोर खेल क्षेत्रों के रूप में विकसित करने का काम किया जा रहा है। नगर निगम के द्वारा बनाए गये इस प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद 12 मार्च को वर्चुअल ढंग से पालिका स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास भी हो चुका है। जिसके बाद 15 मार्च को महापौर ने पालिका स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया था। पालिका स्टेडियम को क्रिकेट और आउट डोर गेम्स के रूप में विकसित करने के काम का निरीक्षण और अपने सुझाव देने के लिये रविवार को यूपी क्रिकेट वेटरन एसोसिएशन की टीम यहां पहुंची। टीम में यूपी क्रिकेट वेटरन एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. आई.एम.रोहतगी, सचिव गिरीष कपूर, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी शशिकांत खांडेकर, पूर्व क्रिकेटर राहुल सप्रू, एसोसिएशन के संयुक्त सचिव आशू मेहरोत्रा, वार्ड 15 के सभासद सौरभ देव शामिल रहे।



पालिका स्टेडियम का निरीक्षण करते टीम के सदस्य। अमृत विचार

**जीर्णोद्धार में यह होने हैं काम**

क्रिकेट मैदान में तीन पिच होंगी, फ्लड लाइट, 4 प्रैक्टिस नेट पिच, लॉन टेनिस कोर्ट, पिकल बॉल कोर्ट, मल्टी-एक्टिविटी क्षेत्र, चार फ्लड लाइटें, 3 लान टेनिस सिंथेटिक कोर्ट, 3 नई क्रिकेट पिच, मूवेबल टेंपरेरी सिटिंग स्टैंड होगा।

> क्रिकेट का खेल दिनोदिन लोकप्रिय होता जा रहा है। आईपीएल और डब्लूपीएल ने इसकी लोकप्रियता को और बढ़ा दिया है, ऐसे में क्रिकेट में करियर बनाने की आंकाक्षा रखने वाले खिलाड़ियों को पालिका स्टेडियम एक अच्छे प्लेटफार्म के रूप में जल्द ही उपलब्ध होगा, जिसके निर्माण में सभी मानकों का ख्याल रखा जा रहा है।
>
> – शशीकांत खांडेकर, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर
>
> पालिका स्टेडियम जो अपने आप में कभी शहर की पहचान रहा है अब उसका जीर्णोद्धार होने से खेलों को बढ़ावा मिलेगा, शहर की पहचान बढ़ेगी, स्टेट और नेशनल लेवल की प्रतियोगिता का आयोजन भी यहां सफलता और मानकों के अनुरूप हो सकेगा।
>
> – राहुल सप्रू, पूर्व क्रिकेटर

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## एक नजर

### आरएसपीएल ग्रुप ने 100 वें चौराहे को कैमरों से किया लैस

**कानपुर।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत आरएसपीएल कंपनी के त्रिनेत्र एंबेस्डर द्वारा गोद लिए गए 100 वें चौराहे को कैमरों से लैस किया गया। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र एंबेस्डर प्रोग्राम के अन्तर्गत विभिन्न सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों ने प्रमुख तिराहों एवं चौराहों को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। आरएसपीएल कंपनी के त्रिनेत्र एंबेस्डर सुशील बाजपेई ने गोद लिए गए रजिस्ट्री ऑफिस चौराहे को कैमरों से लैस कराया। इन कैमरों की मदद से दो महीने में कई वारदातों का खुलासा हुआ है और कई बदमाश पकड़े गए हैं।

### खाते से निकले 1.28 लाख तीन माह बाद रिपोर्ट

**कानपुर।** बिरहाना रोड निवासी मनीष कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका खाता बैंक ऑफ इंडिया में है। 26 और 27 जनवरी को उनके खाते से करीब एक लाख अठाइस हजार रुपये का फर्जी लेन देन हो गया। इस पर उन्होंने शिकायत साइबर सेल में की। शिकायत एसीपी कलक्टरगंज से की। कलक्टरगंज पुलिस ने आदेश पर करीब तीन माह बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

### अवसाद में युवक अपार्टमेंट से गिरा, गंभीर

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के कैलाश विहार आवास विकास में स्थित दीना हेरिटेज अपार्टमेंट में रहने वाले प्रदीप कुमार चतुर्वेदी 2013 में बैंक ऑफ बड़ौदा से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका बेटा पुनीत तीन वर्ष से अवसाद का शिकार है। शनिवार शाम पुनीत घर में अकेला था। रेलिंग से नीचे झांकने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नीचे के फ्लोर पर लगी रेलिंग के ऊपर गिर गया। जिससे घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत डाक्टरों ने गंभीर बताई है।

### महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**कानपुर।** बर्रा गांव के रहने वाले मजदूर विशाल की 25 वर्षीय पत्नी कंचन ने शनिवार देर रात पति से झगड़ा करने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर विशाल ने उसे हैलट अस्पताल ले गया। जहां रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


गोविंदनगर में शबद सुनती संगत। अमृत विचार

## उदासीन बाबा की बरसी मनाई

**कानपुर।** गुरुद्वारा बाबा श्रीचंद्र दरबार गोविंद नगर के संस्थापक ब्रह्मलीन उदासीन संत गोविंद राम की बरसी रविवार को मनाई गई। गुरु कृपा जत्थे ने शबद सुनाए।

अखंड पाठ के बाद नितनेम, आरती हुई। इसके बाद हुजूरी रागी सुरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह ने शबद गायन किया। सुनना प्यारे एक बेनती मेरी, तुम दया करो मेरे साईं..., आदि शबद पर सभी निहाल हुए। ज्ञानी त्रिलोचन सिंह ने बताया कि 1947 के बंटवारे के समय बाबा ने पाकिस्तान से ज्योति लाकर एक छोटे से कमरे में गुरुद्वारे की स्थापना की थी। ज्ञानी बलविंदर सिंह, सुरेश कालरा, अशोक सदवानी, शिव अरोड़ा, राजकुमार लालडिनानी, नरेश, हैप्पी सिंह, सतनाम सिंह, चिंटू, पिंटू, रवि मौजूद रहे।

# जनवरी में 52 करोड़ से बनी सड़क टूट गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ओवरलोड वाहनों के कारण क्षतिग्रस्त हुई रमईपुर की रोड
- रिंग रोड निर्माण में मिट्टी व गिट्टी लदे डंपरों ने तोड़ डाली
- पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने एनएचएआई को लिखा पत्र

**23** किमी से ज्यादा रोड जनवरी में बनाई गई थी

**03** महीने के अंदर ही सड़क हो गई खराब

**अमृत विचार।** रमईपुर में 105 हेक्टेयर में मेगा लेदर क्लस्टर के मद्देनजर 51.90 करोड़ की लागत से तैयार की गई 23.45 किमी सड़क ओवरलोड वाहनों के कारण तीन माह में ही ध्वस्त हो गई। सचेंडी से भाऊपुर के बीच सड़क जगह-जगह पर धंस गई है, जिसका प्रमुख कारण रिंग रोड निर्माण में लगे ओवर लोड ट्रकों व डंपरों का आवागमन है। सड़क की दुर्दशा देख पीडब्ल्यूडी ने एनएचएआई को पत्र लिखा है।

रमईपुर में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना होनी है। लेदर क्लस्टर के उद्यमी अपने माल को इटावा, झांसी भेजेंगे। उन्हें रमईपुर से कानपुर-इटावा और कानपुर-झांसी हाईवे जाने के लिए रमईपुर से कैंधा, सचेंडी, धरमंगदपुर, भाऊपुर होते हुए 23.45 किलोमीटर लंबे मार्ग को चौड़ा करने की योजना बनी थी, जिससे उद्यमियों को माल आवागमन में सुगम यातायात उपलब्ध हो सके। 51.90 करोड़ की लागत से जनवरी माह में सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन यह सड़क तीन माह में ही जर्जर हो गई।

बता दें कि कानपुर नगर, देहात व उन्नाव के बाहरी इलाकों से बनाई जा रही 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें पैकेज वन 23.325 किलोमीटर लंबे मंधना से सचेंडी में अंडरपास व पुलियों का निर्माण शुरू हो गया है। निर्माण में मिट्टी व गिट्टी हमीरपुर, महोबा, घाटमपुर क्षेत्र से लाई जा रही है। ओवरलोड ट्रकों के कारण सचेंडी से भाऊपुर के बीच सड़क जगह-जगह पर धंस गई है। तीन माह में ही सड़क की दुर्दशा होने पर पीडब्ल्यूडी ने मामला संज्ञान में लेकर एनएचएआई अधिकारियों को पत्राचार कर मार्ग दुरुस्त कराने की मांग की है।


करोड़ों से बनी सड़क टूटने लगी। अमृत विचार

> जनवरी माह में 51.90 करोड़ की लागत से सड़क तैयार की गई थी। रिंग रोड निर्माण कार्य के चलते ओवरलोड ट्रकों व डंपरों के आवागमन के कारण सड़क खस्ताहाल हो गई है। एनएचएआई अधिकारियों को कई बार पत्र लिख कर जानकारी दी गई है। मौके का निरीक्षण किया जाएगा।
>
> **राकेश यादव, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी**

# शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति मामले में दी तहरीर

## शिक्षा विभाग की फर्जी ई-मेल भेजकर नौ शिक्षकों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए थे

**फर्जीवाड़ा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फर्जी ई-मेल के जरिये शिक्षा विभाग में हुई फर्जी नियुक्ति मामले में 9 आरोपियों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दी गई है। शिक्षा विभाग की ओर से दी गई तहरीर में उन सभी 9 नामों को शामिल किया गया है, जिनके नाम फर्जी ई-मेल में नियुक्ति के लिए पैनल के तहत दिए गए थे। मामले की जांच शिक्षा विभाग की ओर से भी की जा रही है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्ति का मामला रविवार को भी गर्माया रहा। छुट्टी होने के बावजूद अधिकारी व कर्मचारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय आकर अभिलेखों की जांच करते रहे। शिक्षा विभाग की ओर से अभिलेखों की जांच में ई-मेल आईडी, पैनल में शामिल आरोपी शिक्षकों की ओर से जमा किए गए दस्तावेज, दोनो ही स्कूलों की ओर से अब तक भेजे गए दस्तावेज सहित अन्य दस्तावेज को शामिल किया गया है। इसके अलावा जिला स्तर पर भर्ती की फाइल किसके पास और कहां पर कितने समय रुकी इसकी भी जांच की जाती रही। जांच के बाद देर शाम को विभाग की ओर से 9 आरोपियों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दर्ज की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच बारीकी से की जा रही है।

**यह है पूरा मामला:** माध्यमिक शिक्षा विभाग में अक्टूबर 2023 में एडी माध्यमिक की ओर से एक ई-मेल में शिक्षकों की नियुक्ति का पैनल भेजा गया था। इस पैनल में नौ शिक्षकों के नाम दिए गए थे। नौ में से दो शिक्षकों ने नौकरी भी शुरू कर दी थी। उनके वेतन का भुगतान भी होने लगा था। बीते शनिवार को यह खुलासा हुआ कि एडी माध्यमिक की ओर से जिले में भेजी गई मेल फर्जी थी। मेल आईडी में हेरफेर कर उसे भेजा गया था। उसके बाद से शिक्षा विभाग की ओर से जांच शुरू की गई है।



**02** शिक्षकों ने कॉलेजों में ज्वाइन भी कर लिया, अब हुआ खुलासा

### तहरीर में इन शिक्षकों का नाम

- दी गई तहरीर में अरविंद सिंह यादव, स्वाती द्विवेदी, आशीष कुमार, नितिन कुमार, ज्योति यादव, विनय सिंह, विनीता देवी, रिक्षा पाण्डेय व विनीत चौधरी के नाम शामिल हैं।

### दो शिक्षकों को वेतन भी जारी

- फर्जी ई-मेल के जरिये भेजे गए 9 शिक्षकों के पैनल में 2 शिक्षक ऐसे रहे जिन्होंने स्कूल ज्वाइन कर लिया था। इनमें आरोपी विनीता देवी ने 12 दिसंबर को मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में तो रिक्षा पाण्डेय ने आर्य कन्या इंटर कॉलेज में कार्यभार भी ग्रहण कर लिया था। इन शिक्षकों को वेतन भी जारी होता रहा।

### घेरे में हैं पांच कर्मचारी भी

- शिक्षा विभाग की जांच में 5 विभागीय कर्मचारियों पर भी शक की सुई घूम रही है। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि इसमें विभागीय कर्मचारियों की भी मिली भगत संभव हो सकती है। जांच के दायरे में आए कर्मचारियों की पड़ताल की जा रही है।

> फर्जी नियुक्ति मामले पर शिक्षा विभाग की ओर से तहरीर दी गई है, लेकिन घटनास्थल उनके क्षेत्र में नहीं है। शिक्षा विभाग उनके क्षेत्र में होने के चलते उनके पास शिकायत आई है। घटनास्थल स्पष्ट होने के बाद ही संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज की जाएगी।
>
> **-महेश कुमार, एसीपी कर्नलगंज**

**आज भी दी जाएगी तहरीर**

शिक्षा विभाग की ओर से अब दोनों स्कूलों ( जहां ज्वाइन किया है) से संबंधित थानों में भी तहरीर दिए जाने की तैयारी की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से दोनो स्कूलों से संबंधित थाना गोविंद नगर और किदवई नगर में भी तहरीर दी जाएगी। सोमवार को विभाग की ओर से दोनो ही थानों में शिकायत दर्ज कराए जाने की तैयारी हो रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


फ्लाईओवर पर पलटी पड़ी कार। अमृत विचार

## डंपर की टक्कर से पलटी कार, बचा परिवार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हादसे के कुछ देर बाद कार सवार की मां की घर में मौत

**अमृत विचार।** यशोदा नगर फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कार पलट गई। हादसे में कार सवार बैंक मैनेजर का परिवार बाल-बाल बच गया लेकिन कुछ समय बाद बैंक मैनेजर की मां की घर में मौत हो गई। सदमे से मौत की चर्चा रही।

लखनऊ, जानकीपुरम-वन निवासी अजय श्रीवास्तव यूको बैंक में मैनेजर हैं। रविवार को वह अपनी कार से पत्नी रंजना, बेटे हर्षित और बेटी शैलवी के साथ नौबस्ता निवासी साढ़ू राहुल के घर जा रहे थे। यशोदा नगर फ्लाईओवर पर पीछे से आ रहे डंपर ने कार में टक्कर मार दी जिसके कार पलट गई। हादसे में सभी मामूली रूप से चुटहिल हुए। डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया। नौबस्ता पुलिस डंपर जब्त कर थाने ले गई। इसके बाद चकेरी, हरजेंदर नगर स्थित जेके कालोनी निवासी अजय की मां शैल कुमारी (85) की घर में मौत हो गई।

चर्चा होने लगी कि हादसे की जानकारी मिलने पर सदमे से उनकी मौत हो गई।

## गोठिया कप फुटबाल में यूपी बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर के कृष्णा ने तीन गोल कर किया शानदार प्रदर्शन
- स्पेशल ओलंपिक की ओर से ग्वालियर में हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** ग्वालियर में हुई नेशनल गोठिया कप फुटबाल में युवा फुटबॉलर कृष्णा अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करने के साथ शहर का मान बढ़ाया है। कृष्णा के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यूपी टीम ने गोठिया कप फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में पांडुचेरी को 5-3 से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया है।

स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से आयोजित चैंपियनशिप का आयोजन ग्वालियर में 25 से हुआ। जिसमें शहर के प्रेरणा स्पेशल स्कूल कैंटोनमेंट बोर्ड के कृष्णा अग्रवाल ने तीन गोल और गाजियाबाद के अदीब ने दो गोल किए। सेमीफाइनल में यूपी की टीम ने मध्य प्रदेश को 10–5 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। सेमीफाइनल में कृष्णा अग्रवाल ने छह गोल किए थे। यूपी स्पेशल ओलंपिक एसोसिएशन के कोच सत्येंद्र सिंह यादव, कमल सिंह के नेतृत्व में यूपी टीम ने टूर्नामेंट में प्रतिभाग किया। कैंटोनमेंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनुज गोयल, उपाध्यक्ष लखन लाल ओमर, स्पेशल ओलंपिक भारत यूपी के एरिया डायरेक्टर संजीव दोहरे, मनोज सिंह, डॉ. शिखा अग्रवाल, सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट सुब्रतो भद्र ने खिलाड़ियों व कोच को बधाई दी है।


यूपी की विजेता टीम मैडलों के साथ। अमृत विचार

## बवाल में सात नामजद व 35 अज्ञात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- चमनगंज थानाक्षेत्र के नाला रोड पर हुई थी मारपीट, चले थे पत्थर

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात चमनगंज थानाक्षेत्र में अर्थिंग का गड्ढा खोदने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद और पथराव में दोनों तरफ से सात नामजद और 35 अज्ञात के खिलाफ लूट, बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस वायरल वीडियो को देख रही है।

कंघीमोहाल निवासी गुलजार हसन ने पुलिस को बताया कि उनकी नाला रोड पर दुकान है। वह सात दशक से यहां किराए पर रह रहे हैं। उनका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शुक्रवार को वह ई-रिक्शे की चार्जिंग के लिए अर्थिंग का गड्ढा खुदवा रहे थे। आरोप लगाया कि इलाके के अधिवक्ता मोबीन, हसन आरिफ, हसन हुसैन, शाहिद हसन, काले खां समेत 30 से 35 लोगों ने मारपीट करते हुए उनके भाई मेराजुल हसन, नसीब हसन को पीटकर लहूलुहान कर दिया। आरोपियों ने दुकान से 20 हजार की नकदी भी लूट ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने लूट, बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। वहीं दूसरे पक्ष से अधिवक्ता शाहिद हसन ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर मेराज, राजा, गुलजार, राजा, गुलजार, बाबू, मुस्तफा ओसामा और तलहा आदि गड्ढा खोद रहे थे। जिसका उन्होंने विरोध किया। इस पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की और पर्स लूट लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी हामिद सिद्दकी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर कर सीसीटीवी देखे जा रहे हैं।

## रोग और जांच की नई तकनीकें जानीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर ऑप्थेलमिक सोसाइटी की ओर से यूपी स्टेट ऑफ्थेल्मोलॉजिकल सोसाइटी के तत्वाधान में रविवार को मोतीझील स्थित होटल रॉयल क्लफ में यूपी स्टेट जोनल और पीजी शिक्षण पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें कार्यशाला और सम्मेलन पूरे दिन चला। देश-प्रदेश के 150 से अधिक नेत्र सर्जनों ने नेत्र रोग, जांच और उपचार में आई नई तकनीकों के बारे में विचार साझा किए।

नागपुर से आए डॉ. प्रशांत बावनकुले ने सम्मेलन का नेतृत्व किया। डॉ. प्रशांत ऑल इंडिया ऑफ्थेल्मोलॉजिकल सोसाइटी की वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष हैं। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सोनिया दमेले, डॉ. पारुल सिंह, डॉ. मलय चतुर्वेदी, डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. मनीष सक्सेना, डॉ. लोकेश अरोड़ा ने किया। विभिन्न राज्यों से आए 12 राष्ट्रीय वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में 18 मेडिकल कॉलेजों के 100 पीजी छात्र भी मौजूद रहे। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों के 14 नेत्र रोग विभागाध्यक्षों ने नेत्र रोगों से संबंधित जटिलताओं के बारे में बताया। जांच और उपचार के बारे में भी जानकारी दी। शहर के छह नेत्र रोग विशेषज्ञों ने आंखों की बीमारियों पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर यूपीएसओएस (यूपी स्टेट ऑफ्थेल्मोलॉजिकल सोसाइटी) के अध्यक्ष डॉ. विनोद राय, डॉ. मोहिता शर्मा महासचिव यूपीएसओएस, डॉ. अभिषेक चंद्रा अध्यक्ष वैज्ञानिक समिति यूपीएसओएस, डॉ. दीपक मिश्रा अध्यक्ष एआरसी यूपीएसओएस ने भी अपने विचार रखे।

- यूपी स्टेट ऑफ्थेल्मोलॉजिकल सोसाइटी की कार्यशाला



कार्यशाला में कई राज्यों के नेत्र सर्जन आए। अमृत विचार

## सीएसए कर्मचारी के घर में घुसकर तीन मोबाइल चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रावतपुर थानाक्षेत्र के गुरुदेव चौकी क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र की गुरुदेव चौकी क्षेत्र में सीएसए कर्मचारी के घर घुसकर चोर ने हॉल में रखे तीन मोबाइल को झपट्टा मारकर उठाया और फरार हो गया। चौकी पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल न करके ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराने की नसीहत दे दी।

लखनपुर निवासी सीएसए कर्मचारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार शाम को उनकी गोरखपुर के लिए ट्रेन थी। वह अपनी बेटी शुभी को लेने पत्नी अर्चना बेटे शुभम के साथ जा रहे थे। उन्होंने बताया कि दोपहर ढाई बजे करीब वह बाथरूम में थे, वहीं पत्नी और बेटा रसोई घर में थी। इस दौरान एक युवक पैदल आया और मेज पर दो रखे एंड्रायड फोन और एक चार्जिंग से निकालकर भाग निकला। वे लोग गुरुदेव चौकी पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी दी। चौकी इंचार्ज अंकुर चौधरी ने सीसीटीवी फुटेज ले लिए लेकिन मौके पर जाकर निरीक्षण करना मुनासिब नहीं समझा। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद पॉश इलाके में लोग दहशत में हैं।



## इंस्टाग्राम से दोस्ती, मिलने पर की मारपीट

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में इंस्टाग्राम से एक महिला की युवक से दोस्ती हो गई। जब वह मिलने पहुंची तो दोनों में विवाद हो गया। इस दौरान युवक ने महिला की जमकर पिटाई कर दी और सिर जमीन पर पटक दिया। पुलिस ने महिला को हैलट में भर्ती कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि सचेंडी निवासी विजय बहादुर पोस्ट ऑफिस में काम करते हैं। परिवार में उनकी 42 साल की पत्नी अनीता और बेटा है। पुलिस के अनुसार उनका बेटा जब ढाई बजे घर आया तो महिला अचेत खून से लथपथ मिली। पुलिस जांच में पता चला अनीता के दीपेंद्र से इंस्टाग्राम पर दोस्ती थी। महिला ने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर दूसरी तस्वीर लगा रखी थी। इस पर दोनों में विवाद हो और मारपीट हो गई।

**नमन** साठ ग्रंथ लिखे डॉ. अरोड़ा ने, कानपुर शहर पर लिखीं सात किताबें, अमेरिका में हुआ निधन

# किताबों में कानपुर को संजो गए डॉ. अरविंद अरोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डॉ. अरविंद अरोड़ा हिंदी के उन लेखकों में हैं, जिन्होंने साहित्य की सभी विधाओं में कलम चलाई है। उन्होंने हिंदी साहित्य के साठ ग्रंथ लिखे, जिनमें 6,7 कानपुर शहर पर हैं। यह विचार डॉ. अरविंद अरोड़ा की श्रद्धांजलि सभा में कानपुर इतिहास समिति के वक्ताओं ने व्यक्त किए। डॉ. अरविंद अरोड़ा का एक माह पहले 87 साल की आयु में अमेरिका में निधन हो गया था।

आजादनगर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विशिष्ट अतिथि प्रो. रविंद्र अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने बहुत संघर्षों का दंश झेला। कुश अरोड़ा ने कहा कि भोर पहर से उनका लेखन शुरू हो जाता था। अमेरिका प्रवास के दौरान लेखन पर उनका पूरा ध्यान केंद्रित रहा। समिति के महासचिव अनूप कुमार शुक्ल ने कहा कि उन्होंने कानपुर का इतिहास भाग-तीन प्रकाशित किया। इसके बाद बीसवीं सदी के प्रसिद्ध पुरुष, हिस्ट्री ऑफ कानपुर और कानपुर का संक्षिप्त इतिहास आदि ग्रन्थ प्रकाशित कराए थे। अध्यक्ष कवि विश्वंभर नाथ त्रिपाठी ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा से अवकाश प्राप्त होने पर उन्होंने अपने पितामह बाबू नारायण प्रसाद अरोड़ा की तरह लगभग साठ पुस्तकें लिखीं।

डॉ. सुमन शुक्ला बाजपेई ने कहा कि कानपुर पर लिखी उनकी किताबें चर्चित ग्रन्थ हैं। फिजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांतनु त्रिपाठी ने कहा कि उनके लेखन का कानपुर ऋणी रहेगा। डॉ. शालिनी मिश्रा, डॉ. जितेंद्र सिंह, क्रान्ति कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित की। संयोजक गोपाल खन्ना ने आभार व्यक्त किया।


साहित्यकार डॉ. अरविंद अरोड़ा को नमन करने जुटे लोग। अमृत विचार

### तीन साल से अमेरिका में रह रहे थे

डॉ. अरविंद अरोड़ा मूलरूप से भौंती के रहने वाले थे। शहर में उनका निवास मालरोड पटकापुर में था। वे होम्योपैथिक चिकित्सक थे। तीन साल से अमेरिका में रह रहे थे। कानपुर इतिहास समिति के महासचिव अनूप कुमार शुक्ल ने बताया कि डॉ. अरविंद संस्था के अध्यक्ष भी रहे थे। उन्होंने बताया कि डॉ. अरविंद के बाबा बाबू नारायण प्रसाद अरोड़ा विधान परिषद सदस्य थे और प्रताप अखबार के संस्थापकों में थे और तिलक हॉल का शुभारंभ करते गांधीजी के संग फोटो उन्हीं के साथ है। चंद्रशेखर आजाद उनके घर आते थे।


डॉ. अरविंद अरोड़ा।

**अमित शाह मिनट टू मिनट**

- **5.10** बजे हेलीकॉप्टर लैंड हुआ
- **5.20** बजे अमित शाह होटल पहुंचे
- **5.50** बजे बैठक के मंच पर पहुंचे अमित शाह
- **6.45** बजे बैठक समाप्त, होटल में ही स्वल्पाहार करने पहुंचे।
- **7.30** चकेरी एयरपोर्ट जाने के लिये होटल से निकले

# हर घर पर भाजपा का स्टीकर हो, पन्ना प्रमुख आगे बढ़ें

## भाजपा के प्रचार अभियान को हवा दे गए गृहमंत्री अमित शाह, छोटी-छोटी बैठकें और घर-घर संपर्क करने पर दिया जोर

**अमित शाह की बैठक**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमित शाह ने चौथे चरण के मतदान के लिये कानपुर से चुनाव प्रचार अभियान को हवा दे दी है। संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के लिए उन्होंने बैठक की। उन्होंने कहाकि पन्ना प्रमुख अपना-अपना पन्ना लेकर लगातार घर-घर संपर्क करें। भाजपा का स्टीकर प्रत्येक घर के दरवाजे पर लगाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अपने परिवारों के वोट सुबह 10.30 तक डलवा दें। छोटी-छोटी बैठकों पर जोर देते हुए कहा कि यह सिलसिला मतदान के दो दिन पूर्व तक जारी रहना चाहिए।

अमित शाह की संगठनात्मक बैठक में मंच पर आठ लोगों को जगह मिली। बाकी को सामने बैठाया गया। बैठक में यूपी के महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, यूपी चुनाव के सह प्रभारी संजीव चौरसिया, सुरेश राणा, लोकसभा चुनाव के कलेक्टर इंचार्ज उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, जेपीएस राठौर, कानपुर उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह व अन्य पदाधिकारी रहे।

**थकान दूर करने को पी ब्लैक कॉफी :** अमित शाह इटावा में जनसभा को संबोधित करने के बाद शहर पहुंचे। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि होटल के कमरे में थोड़ा खाना खाने के बाद उन्होंने ब्लैक कॉफी विद-आउट सुगर मांगी। कॉफी पीने के बाद वह जनप्रतिनिधिओं और बैठक में शामिल न हो पाये अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिले। महाना से बोले, स्पीकर जी सब ठीक है अमित शाह ने सभी का हालचाल पूछा।

वापसी में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और देवेंद्र सिंह भोले ने एक साथ अमित शाह से मुलाकात की। शाह ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि स्पीकर जी सब ठीक है, तो महाना ने सिर झुका अभिवादन किया।



संगठन की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश महामंत्री संजय राय आदि मौजूद रहे। अमृत विचार

### प्रकाश शर्मा बुलाने पर भी नहीं पहुंचे

- भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रकाश शर्मा अमित शाह की बैठक के दौरान बुलाने के बाद भी नहीं पहुंचे। उन्हें अमित शाह के प्रस्थान कार्यक्रम के दौरान शामिल होना था। भाजपा सूत्रों के अनुसार प्रकाश शर्मा गृहमंत्री अमित शाह से अकेले में मिलने की मांग की थी। जिसको पदाधिकारियों ने संभव नहीं बताया। जिसके बाद प्रकाश शर्मा रविवार को बैठक के दौरान नहीं पहुंचे। प्रकाश शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी के विरोध में आला नेताओं और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। खुद नामांकन कराने का ऐलान भी कर दिया था।

- पन्ना लेकर घर-घर संपर्क करने में जुट जाएं पन्ना प्रमुख

**10:30** बजे सुबह तक भाजपा कार्यकर्ता अपने परिवारों के समस्त वोट जरूर डलवा दें

"अमित शाह चुनावी रणनीति के कुशल जानकार माने जाते हैं। चुनाव के ठीक पहले मिला उनका मार्गदर्शन यूपी में 80 सीटों को जिताएगा। वह हम सबमें ऊर्जा का संचार कर गये हैं। हम पिछले लोकसभा चुनाव से बेहतर परिणाम देने जा रहे हैं।

–प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र

### गृहमंत्री जीतने का मंत्र दे गए:खन्ना

बैठक के बाद यूपी के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि अमित शाह जीत का मंत्र दे गये हैं। संगठन को पूरी तरह से सक्रिय कर सभी कार्यकर्ताओं का व्यक्तिगत रूप से इस्तेमाल कर हर तरह से परिश्रम वादी सोच को उन्होंने चरितार्थ किया है। वह वास्तव में जीतने का मंत्र दे गये हैं। जो भी कुछ अमित शाह कह गये वह अपने आपमें एक सारांश है। अमित शाह ने कहा कि हर तरह से हमको अपने मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर ले जाना है और जितना ज्यादा हम अपने कार्यकर्ताओं को इस प्रक्रिया से जोड़ेंगे उतना ज्यादा लाभ मिलेगा। वह जो कह गये हैं वह हुआ तो हमारी जीत सुनिश्चित हो जायेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी में कोई मतभेद नहीं है। यह सब मीडिया की देन है। आज कई स्टेट चाहते हैं कि वह मोदी जी के साथ जुड़ें। तेलंगाना, आंध्रप्रदेश कर्नाटका व केरल से अप्रत्याशित परिणाम आने वाले हैं। कार्यकर्ताओं का टैलेंट इस्तेमाल कर हम मतदाताओं तक ले जायेंगे और उसी से हमारी जीत निकलेगी।



हैलीपैड पर अमित शाह का स्वागत करते प्रत्याशी रमेश अवस्थी, मंत्री राकेश सचान।

# मतदाताओं तक भेजी जाएंगी मोदी की लिखित अपीलें

विशेष संवाददाता, कानपुर

- मोदी का रोड शो घंटाघर से मूलगंज चौराहे तक संभव
- शत-प्रतिशत वोट डलवाने पर पन्ना प्रमुखों को गिफ्ट संभव
- इनकी रिपोर्ट ही बता देगी कि चुनाव नतीजा किस तरफ होगा

**अमृत विचार।** भाजपा बाकी बचे मतदान में हर हाल में अपनी स्थिति बेहतर करने को जीजान से जुट गयी है। उसका मैक्रो मैनेजमेंट पन्ना प्रमुखों के नेटवर्क का बेहतर प्रबंधन पर जा टिका है। पार्टी के दिग्गजों का मानना है कि जीत के लिए मतदान का प्रतिशत बढ़ाना ही होगा। और इसके लिए पन्ना प्रमुखों पर विशेष फोकस ही विजय का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। मतदाताओं के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लिखित अपील मतदाताओं तक पहुंचाने की जिम्मेदारी इन्हीं पन्ना प्रमुखों की होगी। भाजपा के रणनीतिकार मानते हैं कि पन्ना प्रमुखों की रिपोर्ट के आधार पर पार्टी प्रत्याशी की जीत-हार का सटीक अंदाजा लगाया जा सकता है। अब तक दो चरणों में हुए चुनाव में यूपी की सीटों पर भाजपा को मिले वोटों के आंकलन का काम शुरू हो गया है।

आखिर पन्ना प्रमुख हैं कौन, यह सवाल जब कौंधता है तो जवाब मिलता है कि भाजपा का एक कांसेप्ट है पन्ना प्रमुखक जिसमें किसी एक कार्यकर्ता को पन्ना अर्थात पेज प्रमुख बनाया जाता है। उसे मतदाताओं से संपर्क की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और पार्टी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाना इनका प्रमुख काम होता है। पन्ना प्रमुख हर बूथ की मतदाता सूची के एक पन्ना जिसमें लगभग तीस मतदाताओं के नाम होते हैं, का प्रमुख होता है। व्यक्तिगत या फोन पर मतदाताओं के संपर्क में रहने और पार्टी के पक्ष में उन्हें लाने का जिम्मेदारी भरा काम इन्हीं का होता है। पार्टी नीतियों, कार्यक्रम चुनाव घोषणा पत्र की बाबत मतदाताओं पन्ना प्रमुख ज्ञान देते हैं। खास बात यह कि मतदान के बाद पन्ना प्रमुख वोटर लिस्ट जब लौटाते हैं तो अंदाजा लगा लिया जाता है कि संबंधित बूथ का मतदान प्रतिशत और नतीजा क्या हो सकता है। बैठक लेने आए अमित शाह भी संबंधित बूथ के पन्ना प्रमुख हैं। मतदाताओं के संपर्क में रहने का टेक्निक के साथ ही मैनुअल तरीका कारगर माना जाता है। कहा जा रहा है कि शत-प्रतिशत मतदान कराने वाले पन्ना प्रमुखों को आकर्षक गिफ्ट भी देने की योजना है। यह चुनाव संपन्न होने के बाद किया जा सकता है।

भाजपा के सूत्रों ने बताया कि बूथ मैनेजमेंट के जरिए मतदान का प्रतिशत बढ़ाना लक्ष्य था जिसके लिए पन्ना प्रमुखों का नेटवर्क नतीजापरक बनाने का मूल मंत्र गृहमंत्री अमित शाह दे गए हैं। साफ कह दिया गया है कि चुनाव जीतना है तो पन्ना प्रमुखों को प्रभावी बनाते हुए मतदातान का प्रतिशत बढ़ाइए। सूत्र ने बताया कि संभव है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक घंटे के रोडशो में घंटाघर से मूलगंज चौराहा तक आएं। उनके दस्तखत से अपीलें जारी की जाएंगी जिसमें मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील की गयी है। ये अपीले पन्ना प्रमुखों तक पहुंचायीं जाएंगी। मतदाताओं तक लिखित अपीलें वितरित होने का असर पार्टी के पक्ष में मतदान पर असर डाल सकता है।

# दिग्गजों के रोड शो और सभाएं कराएगी कांग्रेस

विशेष संवाददाता, कानपुर



- खड़गे, राहुल व प्रियंका की सभाएं व रोड शो मांगा गया
- आठ मई को आप के सांसद संजय सिंह करेंगे जनसभा
- मई के पहले हफ्ते में आएंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा के प्रचार में न केवल कांग्रेस के दिग्गज दिखेंगे बल्कि समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, माकपा और भाकपा के भी बड़े नेताओं के कार्यक्रम लिए गए हैं। तारीख तय होना बाकी है। प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने बताया कि आठ मई को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की जनसभा की स्वीकृति मिल गयी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने तीन, चार या पांच मई में कार्यक्रम आयोजित करने को आलोक से कहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी के रोड शो के लिए पार्टी से समय मांगा गया है।

**मई दिवस पर दो कार्यक्रम होंगे**

मई दिवस पर 1 मई को संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों में रक्षा कारखानों के सर्वाधिक श्रमिक हैं। यहां पर इंटक और एटक की मजबूत यूनियनें हैं। इनका सम्मेलन रामनारायन पाठक स्मृति भवन छावनी क्षेत्र में होगा। पार्टी के नेताओं का कहना है कि असंगठित मजदूरों का सम्मेलन केंद्रीय चुनाव कार्यालय जीटी रोड में होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों की बिक्री और निजीकरण करने के विरोध में कांग्रेस के नेता स्वर बुलंद करेंगे।

### स्थानीय घोषणापत्र का मसौदा तैयार

- इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने बताया कि कानपुर महानगर लोकसभा क्षेत्र का स्थानीय चुनाव घोषणा तैयार किया जा रहा है। इसमें कानपुर से जुड़े मुद्दे होंगे। यह स्थानीय घोषणापत्र 11 सूत्रीय होगा जिसमें बंद कारखानों को चालू कराना, घोषणा के बाद भी स्थानीय समस्याओं के चलते निवेशकों का कानपुर न आना, जलसंकट, गंगा सफाई और घाटों पर निर्बाध प्रवाह, सड़कों का नेटवर्क, कानपुर मंधना रेल लाइन का विकल्प (लंबित है) जैसे स्थानीय समस्याओं से जुड़ा यह घोषणा पत्र होगा। इसे सलमान खुर्शीद रिलीज कर सकते हैं।

## शहर का विकास भाजपा ने किया

**कानपुर।** कानपुर से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने रविवार को जनसंपर्क किया। कहा कि कानपुर का विकास भाजपा शासन में ही हुआ। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मार्ग यहां मतदाता प्रशस्त करेंगे। यह चुनाव अगले सौ सालों के लिए भारत के सुखद भविष्य की रूपरेखा तय करने का काम करेगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, विधायक महेश त्रिवेदी, जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, अनीता गुप्ता, भूपेश अवस्थी और कार्यकर्ता मौजुद रहे।

**जरा बचके...**





परमट तिराहा स्थित प्राथमिक विद्यालय परमट प्रथम की बाउंड्री जर्जर है। प्रधानाचार्य नवीन त्रिपाठी द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार की दीवार पर चेतावनी लिखा कर किसी दुर्घटना की आशंका से आगाह किया गया है। बावजूद इसके निर्वाचन विभाग की ओर से इस प्राथमिक विद्यालय को मतदान केंद्र बना दिया गया है। ● मनोज तिवारी



बैठक को संबोधित करते अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

### भाजपा की नीति सर्वजन का हित करने वाली है: भोले

कानपुर। अकबरपुर लोकसभा के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने जीत का दावा किया। बिठूर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां सर्वजन का हित करने वाली हैं। भाजपा का कार्यकर्ता मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने मे लगा हुआ है। भोले ने कहा विपक्ष में नैतिकता, आध्यात्मिकता और विकासशीलता पूरी तरह शून्य हो गई है। भ्रष्टाचार, अराजकता, विकास अवरोधक का समूह बनकर रह गया सम्पूर्ण विपक्ष कार्यकर्ताओं द्वारा जोश में लगाए गए नारों भोले जिंदाबाद से पूरा पांडाल गूंज उठा। प्रत्याशी भोले ने कहा आज की इस गूंज की आवाज निश्चित रूप से दिल्ली तक जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांग, अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, पूर्व विधायक आर पी कुशवाहा, संयोजक दिनेश राय, गणेश यादव, रूप नारायण त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला, शिवम बाजपेई साथ रहे।

# आरएसएस ने किया पथ संचलन, हुई पुष्पवर्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शारदानगर, पश्चिम भाग की ओर से रविवार को पथ संचलन किया गया जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए। क्षेत्रीय लोगों ने पथ संचलन यात्रा पर पुष्पवर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया।

शारदानर स्थित एलआईसी पार्क नंबर तीन से पथ संचलन शुरू हुआ जो शोभन चौराहा से होकर विनायकपुर होते हुए एलआईसी पार्क तीन पर पहुंचा। इस दौरान लोगों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा कर किया। समापन स्थल पर सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यकारिणी सदस्य ज्ञानेंद्र ने संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। ये वही संघ है जिसे सरसंघ चालक केशव बलिराम हेडगेवार ने 19 विद्यार्थियों के साथ शुरू किया था। उन्होंने संगठन का काम इतना बढ़ाया कि देश में कोई प्राकृतिक आपदा या कोई समस्या आ जाए तो आम जनमानस संघ की ओर आशा भरी निगाहों से देखता है। कानपुर पश्चिम जिले के जिला कार्यवाह समीर, सह जिला कार्यवाह हरी सिंह, नगर संघचालक राजीव, विजयपाल, हरियोगेंद्र, अर्पित, जिला विद्यार्थी प्रमुख कुलदीप, जिला सह संपर्क प्रमुख डॉ. अतुल, नगर प्रचारक समरेंद्र सहित सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।



आलोक मिश्रा का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### बीजेपी सरकार में खुलेआम गुंडागर्दी: आलोक

कानपुर। कानपुर संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस के उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने कांग्रेस, आप और सपा कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। जनसंपर्क कर उन्होंने जनता से समर्थन मांगा। कहा कि कानपुर का विकास नहीं हुआ है। हम विकास कराएंगे। बीजेपी सरकार में खुलेआम गुंडागर्दी हो रही है। उन्होंने बाबूपुरवा, तेजाब मिल कैंपस और भन्नापुरवा में बैठक की। कहा कि भाजपा सरकार में सिर्फ जुमलेबाजी है, महंगाई चरम पर है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, युवा बिना रोजगार के परेशान हैं। शास्त्री नगर काली मठिया में भंडारा कार्यक्रम उन्होंने प्रसाद बांटा। इस अवसर पर राजू त्रिवेदी, मो. फुरकान, विधायक मो. हसन रूमी, आशीष दत्ता, कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष संतोष गुप्ता, राम श्रेयपाल, सुरेश बक्शी, नसरुद्दीन, भार्गव भाई, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, अंकुर राठौर, जेपी पाल, कांग्रेस यूथ अध्यक्ष अब्दुल माबूद, विनोद यादव, उमेश तिवारी, विधायक अमिताभ बाजपेयी रहे।

**लेखा-जोखा**

**गोविंदनगर विधानसभा में सबसे ज्यादा 4094 वोटर बढ़े, किदवईनगर विधानसभा में सबसे कम 786 की बढ़ोतरी**

# जागरुकता से कानपुर लोकसभा सीट पर बढ़े 10,543 मतदाता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संसदीय सीट कानपुर व अकबरपुर पर 13 मई को मतदान होना है। मतदान से पहले निर्वाचन आयोग ने कानपुर सीट की पांचों विधानसभा में आए आवेदनों को शामिल कर मतदाता सूची जारी कर दी है। इस बार कानपुर सीट के सभी विधानसभाओं में 10543 मतदाता बढ़े हैं।

निर्वाचन आयोग ने 25 अप्रैल को मतदाता सूची फाइनल की है। इसके अनुसार कानपुर सीट की विधानसभा गोविंदनगर, किदवईनगर, सीसामऊ, आर्यनगर और कैंट में पहले वोटरों की कुल संख्या 16,52,316 थी। जो अब बढ़कर 16,62,859 हो गई है। सबसे ज्यादा वोटर 4094 गोविंदनगर विधानसभा में बढ़े हैं। सबसे कम किदवईनगर विधानसभा में 786 नए मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

कैंट विधानसभा में 2742 नए मतदाता जुड़े हैं। सीसामऊ विधानसभा में 1538 नए मतदाता और आर्यनगर विधानसभा में 1383 नए मतदाता जुड़े हैं। मतदाताओं की सूची फाइनल होने के साथ घर-घर पर्चियां पहुंचाने का काम भी शुरू हो गया है।

**कानपुर सीट में बढ़े और कुल मतदाता**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | बढ़े मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| आर्यनगर | 163591 | 40422 | 38 | 1383 | 305354 |
| सीसामऊ | 143415 | 126456 | 2 | 1538 | 271411 |
| किदवईनगर | 184100 | 165857 | 27 | 786 | 350770 |
| गोविंदनगर | 189812 | 167656 | 19 | 4094 | 361581 |
| कैंट | 199171 | 171789 | 41 | 2742 | 373743 |



### कानपुर सीट के मतदान केंद्र व मतदेय स्थल

- कानपुर नगर जिले में कुल मतदान केंद्र 1411 और मतदेय स्थल 3614 हैं। गोविंदनगर में मतदान केंद्र 73, मतदेय स्थल 350, सीसामऊ में मतदान केंद्र 48, मतदेय स्थल 275, आर्यनगर में मतदान केंद्र 64, मतदेय स्थल 293, किदवईनगर में मतदान केंद्र 78, मतदेय स्थल 350 और कैंट में मतदान केंद्र 79, मतदेय स्थल 339 हैं। सभी केंद्रों पर मतदान के इंतजाम किए जा रहे हैं।

# कलेक्ट्रेट परिसर से जाएंगी पोलिंग पार्टियां

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की कलेक्ट्रेट परिसर से रवानगी होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि इटावा, कन्नौज व अकबरपुर निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 13 मई को तथा जालौन निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 20 मई को होना है।

ऐसे में रसूलाबाद, अकबरपुर-रनियां व सिकंदरा की पोलिंग पार्टियां 12 मई को सुबह 7 बजे से ड्यूटी एवं सामग्री प्राप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर के निर्धारित डिस्पैच सेंटर से रवाना होंगी। शाम को मतदान के बाद 13 मई को अकबरपुर डिग्री कालेज में निर्धारित रिसीविंग स्थल पर शील्ड ईवीएम एवं अभिलेख जमा कराना होगा। जबकि जालौन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत भोगनीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां 19 मई को सुबह 7 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के निर्धारित स्थल से ड्यूटी एवं सामग्री प्राप्त कर रवाना होंगी। 20 मई को मतदान के बाद शाम को अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर में निर्धारित स्थल पर शील्ड ईवीएम एवं अभिलेख जमा करना होगा।

